मुंबईकरों की सेवा में जल्द शुरू होगी मेट्रो-3

पहले चरण में आरे से बीकेसी तक शुरू होगी मेट्रो सेवा ● ट्रायल का काम पूरा :अश्वनी भिड़े

मुंबई। कोलाबा -बांद्रे-सीप्झ मेट्रो-3 के पहले चरण आरे से बीकेसी तक मेट्रो मुंबईकरों की सेवा के लिए तैयार है। नए साल 2023 में उद्घाटन की बाद जनता के लिए जल्द शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन की संचालक अश्विनी भिड़े ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया की मेट्रो -3 कोलाबा -बांद्रे -सीप्झ को दो से तीन चरण में शुरू किया जाएगा, इसमें पहले चरण आरे से बीकेसी तक शुरू किया जाएगा। जिसके लिए आंध्रप्रदेश के अल्सटॉम प्लांट में बनी आठ डिब्बे की मेट्रो ट्रेन मुंबई में आ गई है,जिसका पूरी तरह ट्रायल भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि कोच को सरिपुत नगर और सहार के बीच 5 किमी रैंप किया जाएगा। 42 टन वजन वाले ये सभी 8 कोच 64 पहियों के विशेष 8 एक्सल ट्रेलर पर 10 दिनों में आंध्र प्रदेश से 1,400 किलोमीटर की दूरी तय करके मुंबई पहुंच गई। एमएमआरसी की संचालक ने कहा कि इसके अलावा 29 दिसंबर को 8 कोच की दूसरी मेट्रो ट्रेन भी मुंबई आ चुकी है। करीब 1700 मजदूरों की मदद से

33.5 किमी लंबी सुरंग का निर्माण 100 फीसदी पूरा हो चुका है। इस कार्य में कुल 2,86,000 क्यूबिक मीटर कंक्रीट और 29,500 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है और ट्रैक बिछाने का काम भी 50% पूरा हो गया है,अब सिस्टम के काम की समीक्षा करने के लिए, स्थिर और गतिशील जैसे विभिन्न परीक्षणों सहित ट्रेन के अन्य परीक्षण नियमित रूप से चल रहे हैं।